पत्रिका patrika.com
भोपाल, शुक्रवार, 31 अक्टूबर 2025

केंद्रीय कृषि मंत्री की मांग पर विदिशा में सौगातों की झड़ी

# सांसद खेल महोत्सव में पहुंचे सीएम बोले- शिवराज राजनीति के 'कपिल देव'

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

विदिशा. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव के दौरान सौगातों की झड़ी लग गई। खेल के उद्घाटन में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया वर्चुअली शामिल हुए तो खेल मैदान में सीएम डॉ. मोहन यादव सहित विश्वकप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान कपिल देव ने मौजूद रहकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। खेल मंत्री मांडविया ने बड़ी सौगात देते हुए विदिशा में सभी खेल सुविधाओं वाले मल्टीपर्पज स्टेडियम बनाने की घोषणा की। उन्होंने क्षेत्रीय खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भी किया।

वहीं केंद्रीय मंत्री शिवराज ने अपने संसदीय क्षेत्र के लिए एक के बाद एक कई मांगें सीएम डॉ. यादव के समक्ष रखीं। सीएम ने कहा, इस मंच पर दो कपिल देव मौजूद हैं। एक जिनको क्रिकेट से दुनिया जानती है तो दूसरे हमारे राजनीति के 'कपिल देव' शिवराज सिंह चौहान हैं। उन्होंने मप्र में लंबी पारी खेलकर प्रदेश को बीमारू राज्य से बाहर निकालकर विकासशील बनाया। उन्होंने इस कथन के साथ ही शिवराज की हर मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। शिवराज ने कहा, अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।



सांसद खेल महोत्सव में आए खिलाड़ियों का सम्मान करते सीएम डॉ. यादव, सांसद शिवराज व क्रिकेटर कपिल देव।

## छोटे शहरों से निकलकर नाम रोशन करें: कपिल

क्रिकेटर कपिल देव ने कहा, ऊर्जावान खिलाड़ी देश का नाम रोशन करेंगे। कहा कि इस तरह के महोत्सव गांव में भी होने चाहिए। खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा, विदिशा और ऐसे ही छोटे शहरों से खिलाड़ी निकलकर देश के लिए खेले और मैं उनके खेल को देखूं, यही इच्छा है।

भोपाल, 31 अक्टूबर 2025
www.dainikjagranmpcg.com

# शिवराज की लिस्ट देख सीएम बोले मिलेगा स्टेडियम, होगा ननि चुनाव

जागरण विदिशा। खेल महोत्सव का शुभारंभ करने पहुंचे सीएम डॉ. मोहन यादव को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक लिस्ट पकड़ा दी। इसमें विदिशा के लोगों की भावना से जुड़ी मांगे शमिल थी। सीएम यादव ने भी घोषणा करने में देरी नहीं की। सीएम ने ऐलान किया कि विदिशा में अब नपा नहीं नगर निगम का चुनाव होगा। नगर को भव्य स्टेडियम भी मिलेगा। इस मौके पर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव भी मंच पर मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विदिशा ऐतिहासिक नगरी है। सम्राट अशोक से इसका संबंध रहा है। इसके साथ ही उज्जैन से भी विदिशा का प्राचीन काल से गहरा संबंध रहा है। उन्होंने सम्राट विक्रमादित्य ने लोकतंत्र के मूल्य की रक्षा की और आज भी विदिशा जैसे नगर लोकतांत्रिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण हैं।



**खेलो इंडिया अभियान दे रहा युवाओं को नई दिशा-शिवराज**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यह देश के युवाओं को खेलों के प्रति नई दिशा दे रहा है। इस दौरान उन्होंने नगर निगम का दर्जा देने का मुद्दा उठाया। उन्होंने शहर एवं जिले की सड़कों के विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने की बात रखी। इसके साथ ही उन्होंने स्टेडियम को आधुनिक बनाने का भी अनुरोध मुख्यमंत्री से किया। इस मौके पर कपिल देव ने भी सम्बोधित किया।

नवदुनिया
भोपाल, शुक्रवार 31 अक्टूबर, 2025

# विदिशा में सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत...

नवदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः शहर के खेल स्टेडियम में गुरुवार शाम सांसद खेल महोत्सव की रंगारंग शुरुआत हो गई। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, क्षेत्रीय सांसद और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ दिग्गज क्रिकेटर कपिलदेव ने इसका उद्घाटन किया। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया को भी इसमें शामिल होना था, लेकिन उड़ान में विलंब की वजह से वे विदिशा नहीं पहुंच पाए। उन्होंने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए समारोह को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मशहूर क्रिकेटर कपिल देव ने रथ पर सवार होकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों का अभिवादन स्वीकार किया।



विदिशा में रथ पर सवार होकर खेल मैदान का भ्रमण करते मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और पूर्व क्रिकेटर कपिल देव। ● नवदुनिया

पीपुल्स समाचार

# सांसद खेल महोत्सव का आगाज क्रिकेटर कपिल देव ने किया



विदिशा। सांसद खेल महोत्सव का आगाज पूर्व क्रिकेटर कपिल देव ने किया। इस दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मौजूद रहे। कपिल देव कहा कि खिलाड़ियों को आईपीएल नहीं बल्कि देश के लिए खेलने के लिए तैयार करें। उन्होंने कहा कि मुझसे अभी किसी ने कहा मेरे बेटे को आईपीएल खिला दो, तो मुझे दुख हुआ। मैंने कहा बोलना है तो ये बोलो की मेरे बेटे को देश के लिए खिलाओ। मैं चाहूंगा की विदिशा के बच्चे देश के लिए खेलें। खिलाड़ियों से उन्होंने कहा कि लोग आपके लिए तालियां बजाएं तो मजा है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मांग पर सीएम डॉ. यादव ने विदिशा नपा को नगर निगम बनाने के साथ ही स्टेडियम और फोरलेन सड़क की मांग भी मंजूर की।

स्वदेश ज्योति

आयोजन

## विदिशा में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में खेलों में आगे बढ़ रहा है देश: मुख्यमंत्री

खेल संवाददाता, भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल्पनाशील हैं। उनके कुशल नेतृत्व में देश खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। देश में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन करना उन्हीं की ही सोच है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान अपने संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव का अद्भुत आयोजन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात विदिशा के स्टेडियम में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर कही। उन्होंने सांसद खेल महोत्सव के शुभारंभ की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विदिशा नगर खेलों और खिलाड़ियों के विकास में दिल्ली मुंबई जैसे महानगरों को पीछे छोड़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी सभी क्षेत्र के लोगों को प्रोत्साहित करते हैं। खेल क्षेत्र भी इसमें शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विदिशा ऐतिहासिक नगरी है।



सम्राट अशोक से इसका संबंध रहा है। साथ ही उज्जैन से भी विदिशा का प्राचीन काल से गहरा संबंध रहा है।

### शिवराज सिंह ने की कपिल देव की तारीफ

केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फिट इंडिया मूवमेंट का अभियान चलाया है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल प्रभावी माध्यम होते हैं। व्यक्तित्व विकास और फिट रहने के लिए खेल जरूरी हैं। हम सोच नहीं सकते थे कि भारत सन 1983 में क्रिकेट का विश्व कप जीत सकता है। यह कार्य महान खिलाड़ी कपिल देव ने करके दिखाया। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत दो महीने तक गांव-गांव में खेल होंगे, इसके लिए 37 हजार खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया है।

### खेलों को आगे बढ़ाने में कमी नहीं छोड़ेंगे: मांडविया

केंद्रीय खेल मंत्री मांडविया ने खेल महोत्सव में वर्चुअली शामिल होकर कहा कि खेलों में कोई कभी हारता नहीं है, कोई जीतता है तो कोई सीखता है। खेलों से फिर से जीतने का जज्बा आता है। मुझे खुशी है कि देश के युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने के लिए इतना बड़ा सांसद खेल महोत्सव का आयोजन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हो रहा है। केंद्रीय खेल मंत्री मांडविया ने कहा कि मध्यप्रदेश में खेलों को आगे बढ़ाने के लिए कमी नहीं छोड़ी जाएगी। विदिशा में एथलेटिक्स सेंटर चालू किया जाएगा।

### खिलाड़ियों का उत्साह देखकर अभिभूत हूं: कपिल

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने कहा कि विदिशा जैसे छोटे शहर में खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बनता है। यह भारत का भविष्य है। बड़े शहरों के बड़े मॉल और बड़ी इमारतें भारत का भविष्य उतना नहीं जितना विदिशा जैसे छोटे शहरों में खिलाड़ियों का उत्साह देखकर हम आश्वस्त होते हैं। कपिल देव ने सम्मानित खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा खेल के साथ पढ़ाई भी बहुत जरूरी है और विदिशा के खिलाड़ी और उनके अभिभावक बधाई के पात्र हैं, जो खेल और पढ़ाई दोनों को महत्व देते हैं। अभिभावक भी खेलों प्रोत्साहित करते हैं। कपिल देव ने कहा कि वे जरूर विदिशा दोबारा आना चाहेंगे।

### प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव, केंद्रीय मंत्री चौहान और क्रिकेटर कपिल देव ने विदिशा में सांसद खेल महोत्सव में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित किया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में युवाओं द्वारा प्रस्तुत किये गये मलखंभ की सभी ने सराहना की।